# गुरु पादुका पूजन के साथ 116वें श्री तारा नेत्र यज्ञ का हुआ शुभारम्भ







नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 25 अक्टूबर, सन्त रणछोड़दास जी महाराज के कर कमलों द्वारा स्थापित श्री सदगुरू सेवा संघ एवं विश्व ख्याति प्राप्त श्री सदगुरू नेत्र चिकित्सालय जानकीकुंड चित्रकूट में शनिवार 25 अक्टूबर कार्तिक शुक्ल चतुर्थी को 116 वें श्री तारा नेत्रयज्ञ का गुरु पादुका पूजन के साथ शुभारम्भ हुआ।**

जैसा कि विदित है कि,प्रतिवर्ष इस दिवस पर परम पूज्य सदगुरुदेव रणछोड़दास जी महाराज के जन्म जयंती के रूप में उनके भक्तजन एवं श्रद्धालुगण बड़े ही श्रद्धाभाव से मनाते हैं। इसी दिन से वर्ष 1950 में चित्रकूट के प्रमोदवन में गुरुदेव द्वारा प्रथम नेत्रयज्ञ का आयोजन किया गया था जिसमें मुम्बई से चिकित्सकों एवं कार्यकर्ताओ की टीम आयी थी और कच्चे बैरक और टेंट में 950 मोतियाबिंद के ऑपरेशन सफलतापूर्वक हुए थे। तब से लेकर आज तक तारा नेत्रयज्ञ का यह क्रम अनवरत चलता आ रहा है। जिसमें आज तक संस्था द्वारा नेत्र यज्ञ के माध्यम से लाखो लोगो को रोशनी प्रदान की गई और इस वर्ष 116 वें तारा नेत्रयज्ञ का शुभारंभ ट्रस्ट के ट्रस्टी पद्मश्री डॉ बी के जैन,ऊषा जैन, श्री मती मिलोनी बेन मुंबई एवं ट्रस्ट के ट्रस्टी डॉ इलेश जैन द्वारा किया गया। सर्वप्रथम प्रात: काल रघुवीर मन्दिर में सदगुरु परिवार के सदस्यों की उपस्थिति में विधि-विधानपूर्वक वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आचार्यो द्वारा गुरु पादुका पूजन सम्पन्न हुआ, तदुपरान्त प्रार्थना भवन में नेत्रयज्ञ का ध्वजारोहण,पूजन एवं उद्घाटन का कार्यक्रम हुआ।

इसके बाद ऑपरेशन थियेटर में मोतियाबिंद जनित अंधत्व से पीड़ित रोगियों को ऑपरेशन हेतु ले जाया गया। इस अवसर पर सुश्री दमयंती बेन सेक्पाल मुबई,सुश्री रमा बेन हरियाणी जयपुर एवं देश के कोने कोने से आए सदगुरू परिवार के सभी गुरु भाई बहन एवं श्री सदगुरू नेत्र चिकित्सालय एवं जानकीकुंड चिकित्सालय सभी चिकित्सकगण सहित सदगुरु परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे। साथ ही इस वर्ष सदगुरू परिवार हीरक जयंती के रूप में मना रहा है इस अवसर पर सदगुरू देव भगवान की अनन्य शिष्या सुश्री दमयंती बेन और सुश्री रमा बेन को श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट एवं संपूर्ण सदगुरू परिवार की ओर ट्रस्ट के ट्रस्टी पद्मश्री डॉ बी के जैन, ऊषा जैन, श्री मती मिलोनी बेन एवं ट्रस्टी डॉ इलेश जैन ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। वहीं दमयंती बेन एवं रमा बेन ने गुरुदेव के साथ की हुई अपनी यात्रा को भी साझा किया ।अंत में पद्मश्री डॉ जैन ने ट्रस्ट के प्रथम अध्यक्ष सेठ अरविंद भाई मफत लाल को याद करते हुए उन्हें और उनके द्वारा किए हुए पुण्य कामों को नमन करते हुए कहा कि अरविंद भाई ने जो पुण्य काम किया है वह वास्तव में वंदनीय और सराहनीय है लेकिन सबसे बड़ी बात तो ये है कि अरविंद भाई ने ओ वृक्ष तैयार करके गए है जो उनसे कही अधिक झाया देने का काम कर रहा है उन्होंने कहा कि ट्रस्ट के वर्तमान अध्यक्ष विशद भाई मफत लाल निरंतर मानव सेवा और धर्मार्थ के लिए समर्पण भाव से काम करते रहते है और ट्रस्ट को नई ऊंचाईयों पर ले जाने काम भी करते रहते है और सोचते रहते है डॉ जैन ने ट्रस्ट के सभी ट्रस्टियों के योगदान को बताते हुए सदगुरू परिवार से जुड़े सभी गुरु भाई, बहन एवं तारा नेत्र यज्ञ में सेवा दें चुके चिकित्सकों याद करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया।

# वेस्ट बेबी अवार्ड कार्यक्रम का आयोजन



नवभारत न्यूज

**नागौद 25 अक्टूबर, आज दिनांक 25.10.2025 को सरस्वती शिशु मन्दिर नागौद के नानाजी देशमुख सभागार में डॉ अनुपम ताम्रकार के मुख्यातिथ्य, श्रीमती काया धनवानी के विशिष्ठ आतिथ्य एवं चंदन अग्रवाल की अध्यक्षता में बेस्ट बेबी अवार्ड कार्यक्रम 2024-25 विद्यालय के प्राचार्य बैकुण्ठ शाह, ई सी सी ई प्रधानाचार्या श्रीमती शालिनी त्रिपाठी एवं समस्त अतिथियों के द्वारा मां वीणापाणी के समक्ष ज्ञानद्वीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया।**

अतिथियों का परिचय महर्षि बाल्मीक समर्थ शिशु शोध संस्थान की संयोजिका श्रीमती राधा ताम्रकार ने कराया।कार्यक्रम की उपादेयता डॉ . अनुपम ताम्रकार ने हम सभी को दी। आपने अपने उद्बोधन में कहा कि विगत कई वर्षों से हम सभी ॠषि कल्प संस्था द्वारा स्वर्णिम पेय स्वर्ण प्राशन की महत्ता व भैया/बहिनों में हुए परिवर्तनों के संबंध में सभी के सुझावों को जाना।

विशिष्ट अतिथि श्रीमती काया धनवानी ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वर्ण प्राशन प्राचीन काल से ही आयुर्वेदिक औषधि के रूप में प्रयोग की जाती रही है। वर्तमान समय में इसकी आवश्यकता छोटे भैया - बहिनों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उपस्थित माताओं ने भैया - बहिनों के संबंध में बहुत ही सुन्दर-सुन्दर सुझाव दिए गए। चंदन अग्रवाल ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि विगत आठ वर्षो से विद्यालय में स्वर्ण प्राशन की दवा पिलाई जा रही है। पूर्व में तो लगता था कि क्या हमें यह पेय पिलाना चाहिए या नहीं ? इसलिए यह शुरूआत व्यवस्थापक होने के नाते सबसे पहले मैंने अपने ही घर से प्रारंभ की और मैंने अपने ही बेटी और बेटे को यह पेय पिलाया। उसके सकारात्मक परिणाम आने प्रारंभ हुए और मैंने आप सभी के भैया/बहिन को भी यह पेय पिलाने की अनुशंसा की। क्योंकि श्रेष्ठ भारत बनाने हेतु श्रेष्ठ नागरिक तैयार करना विद्या भारती का सतत् प्रयास रहा है। हमारे आपके मध्य में ही हमें आपको को ही oldage home जैसे वातावरण में नहीं रहना पड़े, इसके लिए सरस्वती शिशु मन्दिर एवं विद्या भारती का सतत् प्रयास श्रेष्ठ नागरिक तैयार करने में सदैव रहा है। आज के अतिथियों का आभार प्रदर्शन विद्यालय की आचार्या सुश्री रितिका सिंह परिहार एवं कार्यक्रम का संचालन पुष्पेन्द्र गर्ग ने किया। कार्यक्रम का समापन कल्याण मंत्र के साथ सम्पन्न हुआ।

## सतना प्रलेस की विचार-गोष्ठी आज

**सतना 25 अक्टूबर,** प्रगतिशील लेखक संघ की सतना जिला इकाई के तत्वावधान में दोपहर 3 बजे होटल महामाया के सभागार में विचार-गोष्ठी का आयोजन किया गया है। इस गोष्ठी का केंद्रीय विषय 卐प्रगतिशीलता के मायने,, है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रलेस राज्य इकाई के अध्यक्ष प्रो. सेवाराम त्रिपाठी करेंगे। पद्मश्री बाबूलाल दाहिया वक्तव्य देंगे। इस अवसर पर जिला इकाई का पुनर्गठन भी किया जाएगा। इकाई अध्यक्ष संतोष खरे और महासचिव विजयशंकर चतुर्वेदी ने जिले के सभी साहित्यकारों से अनुरोध किया है कि वे इस गोष्ठी और लेखकों के संगठन में उत्साहपूर्वक शामिल हों तथा वर्तमान समय में प्रगतिशीलता के नए अर्थ खोलें।

# तीन बार के सरपंच और कांग्रेस नेता को आबकारी विभाग ने शराब तस्करी में भेजा जेल



नवभारत न्यूज

**रामनगर 25 अक्टूबर, आबकारी विभाग ने मुखबिर की सूचना पर 24 अक्टूबर 2025 को अमरपाटन क्षेत्र के ग्राम बरेंह बड़ा स्थित सिरसा ढाबा में छापेमारी की।**

इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और तीन बार के सरपंच सामंत सिंह बघेल (54 वर्ष) के कब्जे से 58.33 बल्क लीटर अवैध शराब बरामद की गई। आबकारी विभाग ने शराब को जब्त कर सामंत सिंह के खिलाफ मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) के तहत अपराध क्रमांक 278/25 दर्ज किया। मामले की विवेचना के बाद आरोपी को 25 अक्टूबर 2025 को अमरपाटन के न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर उप जेल मैहर भेज दिया गया।

## गोविंदपुर ग्राम पंचायत के सरपंच भ्रष्टाचार में हैं अव्वल



रामनगर। मैहर जिले के रामनगर विकास खण्ड क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोविंदपुर भ्रष्टाचार में अब्वल हैं। 5 वें वित्त की आई राशि सरपंच - सचिव के भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिया है। अनैतिक तरीके से राशि आहरण की अब परतें अब खुल रही हैं। मिक्सचर मशीन का किराया और सेटरिंग प्लेट को पहुंचाने के लिए 90 लेवर तथा 15 मिस्त्री लगना दर्शाया गया है ।इससे बड़ा ग्राम पंचायत का विकास कौन कर सकता है? ये भ्रष्टाचारी ऐसे ही विकास की दस्तान में अब्बल हैं। आश्चर्य भी बड़ा दिलचस्प है कि जमीनी सतह पर पेवर ब्लाक लगाने के लिए मिक्सचर मशीन सेटिंग प्लेट का बिल में उल्लेख है। जहां तक कई ठेकेदारों से सम्पर्क किया गया तो उन्होंने भी पेवर ब्लाक लगाने पर मिक्सचर तथा सेटरिंग प्लेट पर अकल्पनीय आश्चर्य व्यक्त किया है। पुष्टि भी की है कि पेवर ब्लाक लगाने के लिए जमीनी सतह पर बालू तथा डस्ट को भूभाग पर बिछाकर पेवर ब्लाक सेट किया जाता है। सरपंच रमाशंकर चतुर्वेदी उर्फ रामू गुरु लोगों को मामू बनाने में माहिर भ्रष्टाचार के अब्बल खिलाड़ी में हैं।

# छठवीं अमर शहीद ठाकुर रणमत सिंह कोठी प्रीमियर लीग टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ रंगारंग आगाज

- केजीएन किंग्स ने जीता प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच, एलाइट वॉरियर्स को 29 रनों से हराया




नवभारत न्यूज

**कोठी 25 अक्टूबर, आज शनिवार को कोठी के खेल मैदान में अमर शहीद ठाकुर रणमत सिंह स्मृति छठवीं टेनिस बॉल कोठी प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का रंगारंग आगाज हुआ।**

जिसमें उद्घाटन मैच केजीएन किंग्स एवं एलाइट वॉरियर्स के मध्य खेला गया जिसमें केजीएन किंग्स ने सभी विभाग में अच्छा प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता के उद्घाटन मुकाबले में 29 रनों से मैच जीत लिया केजीएन किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवरों में 161 रन बनाए और 162 रनों का लक्ष्य एलाइट वॉरियर्स की टीम को दिया जो कि एलाइट वॉरियर्स की टीम ने निर्धारित रन नहीं बना पाए और अपना मैच हार गए प्रतियोगिता में सभी मैच इंडियन प्रीमियर लीग की तर्ज पर खेले जाते हैं जिसमें 8 टीमों में हिस्सा लेती हैं और 22 दिनों तक यह आयोजन चलता जिसमें स्थानीय खेल प्रेमी दर्शकों को भरपूर आनंद प्राप्त होता है और खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है ।आज के मैच के मुख्य अतिथि सतना सांसद गणेश सिंह रहे ,कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर परिषद अध्यक्ष कोठी सुखवंती बाई बुनकर ने की, विशिष्ट के रूप में एसडीएम लक्ष्य राम झगडे, थाना प्रभारी कोठी डीएसपी आशुतोष त्यागी, बीएमओ कोठी अलका महुले, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्राचार्य कोठी उमेश द्विवेदी, राजा बहादुर हर्षवर्धन सिंह कोठी किला, समाजसेवी राजेंद्र त्रिपाठी एवं पंकज सिंह सुदीप, मुख्य रूप से मौजूद रहे इसके साथ-साथ आयोजन समिति के उपाध्यक्ष यशवंत पांडे सचिव हाजी मोहम्मद इकराम मोहित सिंह प्रवीण सोनी नीलू धीरेंद्र सिंह पंकज मिश्रौलिया पीयूष अग्रवाल उमेश सिंह पप्पू सतीश पांडे राजा अनुराग सिंह दादू सहित आयोजन समिति के सभी सदस्य सहयोगी एवं पत्रकार बृजेश गर्ग सोनू अनमोल मिश्रा विकास पांडे शैलेंद्र सिंह बाबू अखिल पांडे राजा सिंह अमित सिंह तथा खेल प्रेमी दर्शक मौजूद रहे इसके पूर्व प्रतियोगिता का रंगारंग आगाज किया गया सर्वप्रथम अमर शहीद ठाकुर रणमत सिंह की प्रतिमा पर धूप दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण करते हुए खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया गया और खेल प्रारंभ किया गया आयोजक मंडल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया एवं स्मृति चिन्ह भेंट किए।

# मां शारदा देवी मंदिर परिसर में साइबर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित




नवभारत न्यूज

**मैहर 25 अक्टूबर, पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह (नेशनल Cyber Security Awareness Month - NCSAM) के अंतर्गत , पुलिस अधीक्षक मैहर अवधेश प्रताप सिंह (भा.पु.से.) व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. चंचल नागर के निर्देशानुसार आज मैहर पुलिस द्वारा मां शारदा देवी मंदिर परिसर में विभिन्न प्रांतों से आए विभिन्न श्रद्धालुओं एवं भक्तजनों को साइबर जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से साइबर अपराध के संबंध में जागरूक किया गया।**

कार्यक्रम का उद्देश्य माँ के दर्शन हेतु देशभर से आए भक्तजनों को साइबर ठगी, ऑनलाइन फ्रॉड और डिजिटल खतरों से बचाव के लिए जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं एवं भक्तजनों को ऑनलाइन फ्रॉड, सोशल मीडिया सुरक्षा, ओटीपी शेयरिंग, फर्जी कॉल्स, त्क्र कोड स्कैम, बैंकिंग धोखाधड़ी आदि विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। श्रद्धालुओं को 1930 साइबर हेल्पलाइन और www.cybercrime.gov.in पोर्टल की जानकारी भी दी गई ताकि किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में तुरंत रिपोर्ट की जा सके।

**प्रमुख संदेश-** साइबर ठगी से बचना है आसान, बस रखना होगा थोड़ा ध्यान

**आमजन से अपील-** कोई भी संदिग्ध कॉल या लिंक पर क्लिक न करें, किसी के साथ ओटीपी, पासवर्ड या बैंक डिटेल्स साझा न करें। जागरूक बनें और दूसरों को भी जागरूक करें।

## मुख्य बिन्दु

* फर्जी कॉल, डिजिटल अरेस्ट, बैंकिंग फ्रॉड, सोशल मीडिया हैकिंग व QR कोड स्कैम जैसे मामलों की पहचान और बचाव के तरीके समझाए गए।
* श्रद्धालुओं को बताया गया कि साइबर अपराधी कैसे खुद को पुलिस, बैंक या सरकारी अधिकारी बताकर ठगी करते हैं।
* डिजिटल सुरक्षा के लिए आवश्यक सावधानियां, जैसे हअक्कसाझा न करना, संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करना, सोशल मीडिया सेटिंग्स सुरक्षित रखना आदि की जानकारी दी गई।

# 96 वर्षीय वृद्धा के घर में बेटे ने लगाया ताला

- दर दर भटकने को मजबूर, थाने में दी शिकायत



नवभारत न्यूज

**नागौद 25 अक्टूबर, समीपस्थ ग्राम बिकरा की रहने वाली रामपति विश्वकर्मा उम्र 96 वर्ष ने थाना प्रभारी को दिए गए आवेदन के माध्यम से गुहार लगाई है कि उसकी आराजी क्रमांक 177/1/1 रकवा 0.0100 जिसमें मकान बना हुआ है और मेरे पुत्र गंगा विश्वकर्मा पिता स्व. दद्दी प्रसाद विश्वकर्मा ने ताला लगा कर मुझे घर से निकाल दिया है।**

उक्त मकान में मेरे सोने चांदी के ज़ेवर और कपड़े अन्य समान रखा हुआ है।

गांव के सरपंच से भी मामले की शिकायत की गई जिसमें मौके पर जाकर उन्होंने कहा कि ताला खोल दो बुजुर्ग है कहां जाएगी लेकिन उस पर कोई असर नहीं उलटे मारने पीटने की धमकी देता है और कहता है कि ताला नहीं खोलूंगा मेरा कोई कुछ नहीं कर सकता। मेरे पुत्र ने पूर्व में भी वृद्धावस्था पेंशन का कहकर अंगूठा लगवाकर मेरी डेढ़ बीघा जमीन बेंच ली थी और अब उसकी नजर मेरे घर में हैं। वृद्धा ने थाना प्रभारी नागौद से कार्यवाही कर न्याय दिलाने की मांग की है।



# उप मुख्यमंत्री ने किया मझगवां सीएससी का निरीक्षण, सवालों पर घूमती रही बात!

नवभारत न्यूज

**मझगवां 25 अक्टूबर, प्रदेश के उपमुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने आज चित्रकूट से लौटते समय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएससी) मझगवां का औचक निरीक्षण किया।**

इस दौरान उन्होंने माता वंदना योजना के तहत लगाए गए कैंप में गर्भवती महिलाओं की जांच की नब्ज पकड़ी। एनीमिया से जूझ रही महिलाओं के इलाज, सुरक्षित डिलीवरी के संसाधनों, डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ के कामकाज का जायजा लेते हुए सफाई व्यवस्था से लेकर जांच लैब तक चेक किया, वहीं संवाददाता द्वारा चार महीने के मासूम रजा हुसैन की कुपोषण से मौत मामले में पूछे जाने पर उन्होंने आशा/आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की लापरवाही मामले की जांच जारी बताकर कार्यवाही का आश्वासन दिया । सवाल यहीं नहीं रुके डॉक्टरों की कमी का सवाल किए जाने पर स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि डॉक्टरो की कमी है, लेकिन जल्द ही डॉक्टरों और स्टाफ की तैनाती के निर्देश दिए गए हैं। वहीं मझगवां अस्पताल उन्नयन के सवाल पर मंत्री जी ने थोड़े गोलमोल जवाब दिया। उन्होंने अपनी सरकार के कामों के पुल बांधने शुरू कर दिए। जननी-शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, नए उपकरणों की खरीद और केंद्र-राज्य योजनाओं का जिक्र किया और चलते बने।

# श्रीराम राज्याभिषेक के साथ रामलीला का हुआ समापन, उमड़ा जन सैलाब





नवभारत न्यूज

**कोठी 25 अक्टूबर, 17 अक्टूबर से कोठी में चल रही रामलीला का आज श्री राम राज्याभिषेक के मंचन के साथ समापन हो गया ।** कोठी के समाजसेवी बृजेश गर्ग सोनू के प्रयास , उनके मित्र मंडल तथा क्षेत्र वासियों के सहयोग से उत्तर प्रदेश की प्रयागराज की श्री राम कथा रामलीला मंडली के महंत पवन दुबे के कलाकारों द्वारा श्री राम कथा का अभिनय मंचन किया जा रहा था जो आज रावण वध के उपरांत श्री राम राज्याभिषेक के साथ समापन हुआ । इस दौरान राम राज्याभिषेक का मंचन देखने के लिए क्षेत्र का जन सैलाब उमड पड़ा बच्चे बुजुर्ग महिला पुरुष राजनीतिक सामाजिक व्यापारिक सभी लोगों ने पहुंचकर रामलीला का आनंद लिया और पुण्य लाभ अर्जित किया आज रामलीला में कलाकारों द्वारा मंचन किया गया और राम-रावण युद्ध का मंचन किया गया जिसमें राम और रावण का भयंकर युद्ध हुआ इसके बाद श्री राम ने रावण का संहार किया और इसके उपरांत राम राज्याभिषेक का मंचन किया गया इस दौरान परिसर जय श्री राम के नारों से गुंजायमान हो गया माता सीता भैया लक्ष्मण वीर हनुमान राजा सुग्रीव जामवंत लंका पति विभीषण सभी की जय का जयकार करने लगे उपस्थित सभी ने प्रभु श्री राम की जयकार से परिसर को परिपूर्ण कर दिया सभी ने श्री राम लक्ष्मण जानकी की पूजा आरती की और दान पुण्य किया।

**क्षेत्रीय लोगों का रहब भरपूर सहयोग-** इस रामलीला के आयोजन में क्षेत्रीय लोगों का विशेष रूप से योगदान रहा कोठी के समाज सेवी पत्रकार बृजेश गर्ग सोनू एवं उनके मित्र मंडल के विशेष प्रयास से पुरानी परंपरा को जीवंत किया गया कोठी में 30 वर्ष पूर्व तक पूर्व कल से रामलीला का आयोजन होता चला रहा था परंतु कुछ असामाजिक गतिविधियों के चलते यह परंपरा बंद हो गई थी जिसको फिर से विशेष प्रयास करके जीवंत किया गया है और उत्तर प्रदेश की प्रयागराज की रामलीला मंडली के महंत पवन दुबे के कलाकारों द्वारा यह आयोजन कोठी में किया जा रहा है जिसमें आर्थिक रूप से क्षेत्र के लोगों ने भरपूर सहयोग प्रदान किया और क्षेत्रीय जनता ने अपना अटूट प्रेम दिया जिससे यह आयोजन पूर्ण रूप से सफल हो सका है और यादगार हो गया है सोनौर निवासी समाज सेवी डिंपू सिंह ने खाने-पीने की व्यवस्था में सहयोग प्रदान किया कसौधन धर्मशाला के अध्यक्ष रवि गुप्ता एवं पूर्व अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने रामलीला की मंडली की रुकने की व्यवस्था की ज्ञानदीप हाई स्कूल के संचालक श्री रामनाथ सोनी जी ने आयोजन स्थल के लिए अपने विद्यालय का प्रांगण दिया जिससे यह रामलीला का आयोजन हो सका साथ ही नगर के सम्मानित जनों ने आर्थिक रूप से सहयोग प्रदान किया जिसमें मुख्य रूप से आशीष सोनी प्रमोद अग्रवाल इंजीनियर आशीष तिवारी मोहम्मद हाजी इकराम वीरेंद्र विश्वकर्मा संजय दुबे सहित अन्य सैकड़ो नगर के व्यापारियों एवं समाजसेवियों तथा प्रतिष्ठित जनों ने आर्थिक रूप से सहयोग प्रदान कर रामलीला के आयोजन को सफल बनाया साथ ही मौहार निवासी बल्लू सिंह ने टेंट की व्यवस्था उपलब्ध करवाई और सभी के सामूहिक सहयोग से यह आयोजन सफल हो गया।

## जगतगुरु रामभद्राचार्य महाराज के दर्शन को उमड़ी भीड़



कल रात शुक्रवार को जैसे ही जगतगुरु श्री रामभद्राचार्य महाराज जी कोठी पहुंचे लोग उनके दर्शनों को व्याकुल हो उठे । जगतगुरु रामभद्राचार्य जी महाराज शुक्रवार की रात अपने शिष्य सेठ भोला प्रसाद सोनी के निज निवास पहुंचे थे जैसे ही वह अपनी निजी वाहन से कोठी पहुंचे उनके दर्शनों के लिए भक्तों का तांता लग गया सभी ने उनके दर्शन किए और आशीर्वाद प्राप्त किया इस दौरान कोठी पुलिस बल भी मुस्तैद रहा।

## पूर्व विधायक कल्पना वर्मा भी पहुंची रामलीला में

आज कोठी में आयोजित रामलीला का कार्यक्रम देखने के लिए लगाओ विधानसभा की पूर्व विधायक श्रीमती कल्पना वर्मा भी आयोजन स्थल पर पहुंची और भगवान की पूजा अर्चना कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया और रामलीला के कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित भी किया और इस रामलीला के कार्यक्रम की प्रशंसा की कहा प्रभु श्री राम का अभिनय जो कलाकारों द्वारा दिखाया जा रहा है वह बहुत ही अद्भुत है इससे हमें शिक्षा मिलती है हमारे समाज को शिक्षा मिलती है बच्चों बुजुर्ग माता बहनों युवाओं सभी को ज्ञान मिलता है और जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है हमें अपने जीवन में किस प्रकार से रहना चाहिए इसका ज्ञान हमें रामलीला से प्राप्त होता है राम का नाम अपने आप में ही परम पुण्य फल प्रदान करने वाला है जो भी इससे विमुख होता है वह पाप का भागी होता है इसलिए हमें इस तरह के धर्म के काम में आगे आकर सहभागिता निभानी चाहिए और सभी से मिलजुल कर रहना चाहिए उन्होंने रामलीला मंडली के महंत सहित सभी कलाकारों एवं उपस्थित जन समुदाय का अभिवादन करते हुए आयोजक मंडल एवं सभी सहयोगियों तथा नगर वासियों का धन्यवाद ज्ञापित किया और कहां की ऐसे आयोजन क्षेत्र में होते रहना चाहिए मुझसे जो भी सहयोग बन सकेगा मैं सदैव तत्पर रहूंगी यह आयोजन कोठी के समाज सेवी बृजेश गर्ग सोनू के प्रयास से जीवंत हुआ है जो अति प्रसंसनीय है उन्होंने कहा कि यह परंपरा को जीवंत रखना चाहिए जिससे समाज में धर्म आस्था और प्रेम की भावना बरकरार रहे।